Title: Need to release adequate funds to State Government of Bihar for early completion of Tilaiya Dhadhar Irrigation Project.

14.06 hrs.

डा. संजय पासवान (नवादा) : अध्यक्ष महोदय, मध्य बिहार की एक महत्वपूर्ण परियोजना तिलैया ढाढर सिंचाई परियोजना विगत 30 वर्षों से लंबित है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल लगभग 38000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी बल्कि 12 मेगावाट विद्युत का उत्पादन भी हो सकेगा। केन्द्रीय जल आयोग द्वारा इस परियोजना की रिपोर्ट की जांच पड़ताल भी की जा चुकी है। इस परियोजना की अनुमात लागत लगभग 301.79 करोड़ आंकी गई है, जिसमें लगभग 27.92 करोड रुपया व्यय भी किया जा चुका है। यद्यपि सिंचाई राज्य का विषय है किन्तु केन्द्र सरकार की सहायता के बगैर इतनी बड़ी परियोजना का पूरा होना संदिग्ध है। इसलिये केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इतने बड़े महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र पूरा करने हेतु केन्द्रीय सहायता के रूप में शीघ्र सहायता दी जाये।

बिहार सरकार के स्रोतों से विदित हुआ है कि उन लोगो ने संबंधित जल विद्युत परियोजना का प्रतिवेदन केन्द्र सरकार को भेज दिया है।

अतएव कोई भी संचिका प्रतीक्षित एवं लंबित नहीं है। 21.2.2000 के पटना से प्रकाशित हिन्दुस्तान समाचार पत्र में भी इस बाबत मुख्य अभियंता का समाचार आया है कि केन्द्र सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद काम शीघ्र शुरु किया जायेगा।

अत: आपसे अनुरोध है कि इस मामले को गंभीरतापूर्वक लिया जाये।

*Treated as laid on the Table of the House.